# Logical

Statement & Assumption

कथन और पूर्वधारणा

परिकल्पना

हसी तो फसी → Assumption



Assumption का अर्थ ऐसे आंकड़ों से है जो पूर्णतः स्पष्ट रूप से नहीं कही जाती, फिर श्रोता उसका अर्थ निकाल लेता है वही Assumption कहलाता है।

अधूरी बात का पूरा अर्थ निकाल लेना

## Advertisment

फेयर & Lovely 7 दिनों में पाए गोरी त्वचा।




पकड़ा गया

# STATEMENT AND ASSUMPTION

☞ निर्देश : नीचे दिये गये हर प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ जिन्हें क्रमांक I और II दिया गया है। कोई मानी हुई या गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती है। आप दिये हुये कथन और दी हुई पूर्वधारणाओं को ध्यान में लेकर उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी कथन में अन्तर्निहित है इसका निर्णय कीजिये।

उत्तर ( 1 ) दीजिये अगर केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित हो, उत्तर ( 2 ) दीजिये यदि पूर्वधारणा II अन्तर्निहित हो, उत्तर ( 3 ) दीजिये यदि I अथवा II अन्तर्निहित हों, उत्तर ( 4 ) दीजिये यदि न I और न II अन्तर्निहित हो और उत्तर ( 5 ) दीजिये यदि दोनों I और II अन्तर्निहित हों।

1. कथन : मुंबई से जल्दी औरंगाबाद पहुँचने के लिये हवाई जहाज से जाइये।

पूर्वधारणाएँ : I. मुंबई और औरंगाबाद हवाई मार्ग से जुड़े हैं।

II. मुंबई से औरंगाबाद पहुँचने का कोई अन्य तरीका नहीं है।

BY : - Manish Sir

2. कथन : एक अच्छे मैनेजर को चाहिए कि हर कर्मचारी से अच्छा से काम ले सके।



पूर्वधारणाएँ :

I. यह संभव है कि हर कर्मचारी से अच्छा काम लिया जा सके।

II. मैनेजरों से अपेक्षा होती है कि वे अपने कर्मचारियों से अच्छा से अच्छा काम ले सकेंगे।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

3. कथन : ऐसा कैसे हुआ कि इस गाँव को इस जिले के तथाकथित अधिकारिक नक्शों पर दिखाया नहीं गया है।

पूर्वधारणाएँ :

I. अधिकारिक नक्शे के बारे में अपेक्षा की जाती है कि उसमें उस जिले के सभी गाँव दिखाये जायेंगे।

II. यह प्राधिकृत और अधिकारिक नक्शा नहीं है।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

4. कथन : पटना से दिल्ली पहुँचने के लिए हवाई जहाज से जाओ

पूर्वधारणाएँ :

I. दिल्ली और पटना वायुमार्ग से जुड़ा है।

II. पटना से दिल्ली पहुँचने के लिए दूसरा साधन नहीं है।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

5. कथन : मानसून समाप्त होने के बावजूद व्यापक रोग नहीं फैला है।

पूर्वधारणाएँ :

X I. मानसून का आना बीमारी का कारण है।

X II. रोग दूसरे मौसम में नहीं होता है।

BY : - Manish Sir

6\. कथन : वर्तमान भारत का राजनीतिक दृश्य दूषित है। कुछ कठोर राजनीतिक निर्णय लेने की जरूरत है।



पूर्वधारणाएँ :

I. भारत का राजनीतिक दृश्य आदर्श नहीं है। इसमें सुधार चाहिए।

II. कुछ कठोर निर्णय भारतीय राजनीति में सुधार लायेगा।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

7. कथन : कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें- एक बस में सूचना।

पूर्वधारणाएँ :

I. लोग सूचना पढ़ते हें।

II. यह बस के मालिक का कर्त्तव्य है कि इस तरह की सूचना जारी करें।

III. अपने सामानों की देखभाल नहीं करने से चोरी हो सकती है।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

8. कथन : कंपनी के द्वारा सूचना जारी की गयी कि देर से आनेवाले कर्मचारी दंडित होंगे।

पूर्वधारणाएँ :

I. कर्मचारी सूचना को पढ़ेंगे।

II. कंपनी के लिए देर से आनेवाले को दंडित करना लाभदायक होगा।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

9. कथन : लालू प्रसाद यादव ने पटना में सभी कार्यक्रम रद्द कर दिया और वायुमार्ग से 'गया नरसंहार' में मारे गये और घायलों को देखने चले गये।

पूर्वधारणाएँ :

I. लालू प्रसाद यादव के पटना में कार्यक्रम थे।

II. पटना से गया वायुमार्ग से जुड़ा हुआ है।

III. ऐसे समाचार मुख्य शीर्षक होते हैं।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

10. कथन : कृपया चलती ट्रेन से न कूदें- एक सूचना।

पूर्वधारणाएँ :

I. लोग इस सूचना पर ध्यान देंगे।

II. यह रेलवे की जिम्मेवारी है कि ऐसी चेतावनी जारी करें।

III. चलती ट्रेन से कूदना खतरनाक है।

IV. लोग इस सूचना पर ध्यान नहीं देंगे।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

11. कथन : हालाँकि पेट्रोल के दाम बढ़े हैं पर निजी टैक्सियों के किराये बढ़े नहीं हैं।

पूर्वधारणाएँ :

I. निजी टैक्सियों के किराये पेट्रोल के दामों पर निर्भर करते हैं।


II. सरकार सभी निजी टैक्सियों के किराये नियंत्रित करती है।

12. कथन : अगर आप आवेदनकर्ताओं की संख्या कम करना चाहते हों तो प्रवेश शुल्क बढ़ा दें।

पूर्वधारणाएँ :

I. अगर प्रवेश शुल्क बढ़ा दें तो कुछ लोग आवेदन नहीं करेंगे।

II. वर्तमान प्रवेश शुल्क नाम मात्र का है।



# STATEMENT AND ASSUMPTION

13. कथन : हमें गलतियों से डरना नहीं चाहिए पर हमें उन गलतियों से सीख लेनी चाहिए।

पूर्वधारणाएँ :

I. जब हम कुछ कार्य कर रहे हैं तो कुछ गलतियाँ हो सकती है।

II. हम अपने गुजरे हुए समय से लाभ उठा सकने में समर्थ हैं और गलती रहित कार्य करने के अवसर बढ़ाते हैं।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

14. कथन : बच्चे को पाँच वर्ष या इसी तरह की आयु में स्कूल में भेजना वांछनीय है।

पूर्वधारणाएँ :

I. उस आयु पर बच्चा विकास का उपयुक्त स्तर प्राप्त करता है तथा सीखने के लिए तैयार होता है।

II. स्कूल छह वर्ष की आयु के बाद बच्चों को भर्ती नहीं करते।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

15. कथन : टिकट खिड़की पर नोटिस 'कृपया पंक्ति में आइये।'

पूर्वधारणाएँ :

I. जब तक निर्देश न दिया जाय लोग पंक्ति नहीं बनाएँगे।

II. लोग किसी भी तरह से टिकट खरीदना चाहते हैं।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

16. कथन : अच्छे प्रदर्शन के लिए आकर्षक प्रलोभन की घोषणा करें।

पूर्वधारणाएँ :

I. प्रलोभन कार्यक्रम लम्बे समय के लिए कार्य नहीं कर सकते।

II. प्रलोभन प्रदर्शन सुधार सकता है।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

17. कथन : कृपया अपना दोपहर का भोजन 1 : 30 बजे तक खत्म कर लें- ऑफिस में एक नोटिस।

पूर्वधारणाएँ :

I. नोटिस में जो सलाह दी गयी है लोग उसका अनुपालन करेंगे।

II. व्यक्ति नोटिस को पढ़ एवं समझ सकता है।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

18. कथन : अपना धन पाँच माह में दुगुना कीजिये- एक विज्ञापन।

पूर्वधारणाएँ :

I. यह आश्वासन खरा नहीं है।

II. लोग चाहते हैं कि उनका धन बढ़ता रहे।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

19. कथन : "आपसे बैठक के बाद रात के खाने पर भी शामिल होने की प्रार्थना है।" पत्र का अंतिम वाक्य।

पूर्वधारणाएँ :

I. यदि साफ वर्णित न हो तो हो सकता है कि रात के खाने की आशा से न आए।

II. व्यक्ति रात के खाने का निमंत्रण स्वीकार करेंगे।

# STATEMENT AND ASSUMPTION

20. कथन : "प्रत्येक व्यक्ति पर्सनल कम्प्यूटर खरीदने के लिए इच्छुक है।"
- एक कॉलेज विद्यार्थी का कथन।

पूर्वधारणाएँ :

I. पर्सनल कम्प्यूटर आवश्यक नहीं है, परन्तु विलासिता है।

II. पर्सनल कम्प्यूटर के प्रयोग से दक्षता के स्तर में सुधार होता है।